

# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 2 अंक 8 अक्टूबर-दिसम्बर 2011

## मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

लामडिंग मंडल पूर्वोत्तर सीमा रेल का एक महत्वपूर्ण मंडल है। यह मंडल पूर्वोत्तर के नागालैण्ड, मणिपुर, त्रिपुरा एवं मिजोरम राज्य तथा असम राज्य के बराक घाटी सहित अधिकांश भाग के लिए यात्री यातायात एवं माल परिवहन दोनों क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाता रहा है। समय-समय पर मंडल को कड़ी चुनौतियों एवं विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता रहा है। हम प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हमारे रेलकर्मियों के निष्ठा और समर्पण की भावना से मंडल में निरंतर जनोंपयोगी सेवा प्रदान करने के लिए वचनवद्ध हैं।

मंडल में रेलपथ के विस्तार के साथ-साथ हिल सेक्शन में गेज परिवर्तन का कार्य जारी है। इस कार्य के पूरा हो जाने पर यानांतरण जैसी समस्याओं से बचा जा सकेगा और माल परिवहन में सुगमता के साथ-साथ तेजी लाई जा सकेगी। आशा है आने वाले समय में भी सामरिक महत्व के इस क्षेत्र के लिए यातायात में सुगमता के साथ-साथ अर्जन के लिए अनुकूल वातावरण बने रहेंगे।

मंडल की तिमाही गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का नियमित प्रकाशन एक अच्छा प्रयास है। आशा है मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार को निरंतर बढ़ावा देकर एक नई दिशा प्रदान करने तथा रेलकर्मियों में हिंदी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने में यह पत्रिका अवश्य ही सहायक सिद्ध होगी।

मंडल रेल प्रबंधक

## अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से.

राष्ट्र के निर्माण में कला एवं संस्कृति के साथ-साथ साहित्य की भूमिका सदैव अहम होती है। भारतीय रेल जैसे जनोपयोगी संगठन के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण का होना लाजमी है। रेलों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं न केवल साहित्यिक गतिविधियों को उजागर करती हैं वल्कि उस क्षेत्र विशेष के विकास मूलक विविध गतिविधियों को साहित्य के माध्यम से हम तक पहुँचाती भी हैं साथ ही भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूक भी बनाती हैं। लामडिंग मंडल की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का यह आठवॉ अंक आपको समर्पित है। लामडिंग मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार बढ़ाने का प्रयास जारी है और हम हिंदी पत्रिका, सहायक साहित्य आदि का प्रकाशन कर निरंतर राजभाषा के प्रयोग को एक नई दिशा प्रदान करने के लिए प्रयत्नशील हैं। उम्मीद है कि इसका प्रभाव राजभाषा हिंदी के विकास के साथ-साथ मंडल में राजभाषा के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में निरंतर सहायक सिद्ध होगी।

मंडल की यह पत्रिका हम सब के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर एक नई दिशा प्रदान करे, यही मेरी कामना है।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

## महाप्रबंधक का वार्षिक निरीक्षण

श्री केशव चंन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों के साथ 23 दिसम्बर 2011 को मंडल के वार्टिंग-लामडिंग सेक्शन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस सेक्शन में विशेषकर उन्होंने जामगुड़ी, सरुपथार, बोकाजान, डिमापुर, लांगचोलियेट तथा लामडिंग स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाएं, संरक्षा से संबंधित विषयों, रेलपथ की गुणवत्ता, स्टेशन परिसरों तथा यातायात के विविध मदों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल अस्पतालों, रेल आवासों एवं कालोनियों आदि में रेल कर्मचारियों की सुख-सुविधों का जायजा लिया तथा इनमें सुधार कार्य और रख-रखाव के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए।



जामगुड़ी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए श्री केशव चंन्द्रा, महाप्रबंधक तथा अन्य पदाधिकारीगण

सुरक्षा, संरक्षा तथा गाड़ियों के आगमन-प्रस्थान संबंधी विविध सूचनाओं को यात्रियों तक पहुँचाने में उद्घोषणा प्रणाली का बहुत बड़ा योगदान होता है। इसे दुरुस्त बनाए रखने और यात्रियों को इस क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाप्रबंधक महोदय ने सरूपथार स्टेशन पर एसडीएच आधारित सेंट्रल उद्घोषण प्रणाली का उद्घाटन किया।




सरूपथार स्टेशन पर एसडीएच आधारित सेंट्रल उद्घोषण प्रणाली का उद्घाटन करते हुए श्री केशव चंन्द्रा, महाप्रबंधक, श्री राकेश गोयल, मंडल रेल प्रबंधक तथा मुख्यालय एवं मंडल के पदाधिकारीगण।

उन्होंने सेक्शन में रेलपथ पर गाड़ियों की गति की उत्कृष्टता तथा समपार फाटक, पुल, रेलपथ की गुणवत्ता तथा मोड़ आदि स्थलों का ध्यान रखने तथा अति संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखे जाने पर बल दिया।

## जलापूर्ति व्यवस्था का उद्‌घाटन

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने सरूपथार स्टेशन पर रेल कालोनियों में शुद्ध पेय जल की आपूर्ति हेतु निर्मित नए जलापूर्ति व्यवस्था का उद्‌घाटन किया।



सरूपथार रेलवे स्टेशन पर शुद्ध पेय जल की आपूर्ति हेतु निर्मित नए जलापूर्ति व्यवस्था के उद्‌घाटन का एक दृश्य।

## लांगचोलियेट स्टेशन का नया स्टेशन भवन

इस सेक्शन के लांगचोलियेट स्टेशन के नए स्टेशन भवन का उद्‌घाटन महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों से संपन्न हुआ। कार्बी आंगलांग जिले के इस स्टेशन के निरीक्षण के दौरान स्थानीय जन समुदाय ने अपने पारंपरिक रीति के अनुसार महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा अपनी समसयाओं से उन्हें अवगत कराया।




लांगचोलियेट स्टेशन पर स्थानीय जन समुदाय द्वारा महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य पदाधिकारियों के स्वागत का दृश्य

## मीटर लाइन दुर्घटना राहत क्रैन

इतर रेल से प्राप्त मीटर लाइन सेक्शन दुर्घटना राहत क्रैन का बिना किसी बाहरी सहायता के मरम्मत कार्य मंडल में किया गया। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर प्रयोग में लाने के लिए तैयार इस दुर्घटना राहत क्रैन का उद्‌घाटन महाप्रबंधक महोदय के लामडिंग स्टेशन के निरीक्षण के दौरान संपन्न हुआ।

महाप्रबंधक महोदय ने सेक्शन के रेलपथ तथा स्टेशनों के बेहतर रख–रखाव एवं मंडल की कार्य कुशलता से प्रभावित होकर विविध मदों पर मंडल को चार लाख रुपए की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया।

## नागालैण्ड एक्सप्रेस का शुभारंभ

पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक, श्री केशव चन्द्रा ने 15 नवम्बर 2011 को मंडल के डिमापुर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आयोजित रंगा–रंग कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री, नागालैण्ड श्री नैफ्यू रिओ ने डिमापुर–कामाख्या नागालैण्ड एक्सप्रेस नई रेलगाड़ी (संख्या 15670/15669) को हरी झंडी दिखाकर डिमापुर से रवाना किया। यह गाड़ी प्रतिदिन 06.30 बजे डिमापुर से खुल कर 12.00 बजे कामाख्या स्टेशन पहुँचेगी तथा कामाख्या से 23.10 बजे रवाना होकर 05.30 बजे डिमापुर वापस आयेगी।




डिमापुर–कामाख्या नागालैण्ड एक्सप्रेस के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री, नागालैण्ड श्री नैफ्यू रिओ।

## सर्तकता जागरूकता सप्ताह

मंडल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सर्तकता के प्रति जागरूक करने के उद्‌देश्य से मंडल में 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2011 तक सर्तकता जागरूकता सप्ताह का पालन किया गया। साथ ही मंडल के सभी स्टेशनों तथा अन्य प्रमुख स्थलों पर पोस्टर एवं बैनर लगाए गए। इस दौरान 31 अक्टूबर को 11.00 बजे मंडल मुख्यालय परिसर में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाईड द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक तथा अन्य झाकियों के माध्यम से सर्तकता के प्रति जागरूक रहने के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## मंडल का अर्जन

**यात्री अर्जनः** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में अक्टूबर–दिसम्बर 2011 के दौरान यात्रियों की संख्या में 213295 की वृद्धि होने के फलस्वरूप गत वर्ष के 85.21 करोड़ रुपए की तुलना में 86.08 करोड़ रुपए का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ` 0.87 करोड़ की वृद्धि हुई है।

**माल अर्जन :** मंडल में कोयला, खनिज तेल आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। गत वर्ष की समान अवधि की ₹ 50.73 करोड़ की तुलना में अक्टूबर–दिसम्बर 2011 में ₹ 66.02 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार माल अर्जन में कुल ₹ 15.29 करोड़ की वृद्धि हुई है।

**अन्य कोचिंग अर्जनः** अक्टूबर–दिसम्बर 2011 के दौरान अन्य कोचिंग अर्जन से ₹ 12.04 करोड़ की प्राप्ति हुई है।

**अन्य विविध अर्जन :** अक्टूबर–दिसम्बर 2011 के दौरान इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध प्राप्तियों से ₹ 1.95 करोड़ का अर्जन हुआ।

## महाप्रबंधक का नागालैण्ड दौरा

पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक, श्री केशव चन्द्रा ने 16 एवं 17 अक्टूबर 2011 को डिमापुर स्टेशन तथा कोहिमा का निरीक्षण किया। उन्होंने कोहिमा में 17 अक्टूबर को माननीय राज्यपाल, नागालैण्ड तथा अन्य राजकीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया।

## बहुउद्देश्यीय आपदा प्रबंधन कंट्रोल का शुभारंभ

मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय भवन के तीसरे तल पर बहुउद्देश्यीय आपदा प्रबंधन कंट्रोल कक्ष का निर्माण कार्य अक्टूबर माह में पूरा कर लिया गया था। मंडल रेल प्रबंधक के कर कमलों से 12 नवम्बर 2011 को इस कंट्रोल कक्ष का उद्घाटन किया गया।



आपदा प्रबंधन कंट्रोल कक्ष, लामडिंग उद्घाटन करते हुए पूर्व मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित एवं मंडल के अधिकारीगण



कंट्रोल कक्ष का मुआयना करते हुए श्री अजीत पंडित, पूर्व मंडल रेल प्रबंधक, श्री सतीश कोठारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं मंडल के पदाधिकारीगण।

## पॉनकम का प्राइमरी ड्रॉप इंसार्ट मॅक्स

रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मंडल के स्टेशनों पर पॉनकम का प्राइमरी ड्रॉप इंसार्ट मॅक्स प्रतिस्थापित किया गया। नए मॅक्स प्रणाली की स्थापना से नियंत्रण प्रणाली के प्रवाह में विस्तार एवं सुधार होगा। PGCIL,BSNL,RCIL आदि के साथ सुगमता से लिंक स्थापित कर पीआरएस एवं यूटीएस प्रणाली की सेवा की उपलब्धता को बढ़ाया जा सकता है। नई 21 ई1 प्रणाली में 630 चैनल प्रारंभ करने की सुविधा है तथा इस प्रणाली को 63 ई1 अर्थात 1890 चैनल तक विस्तारित किया जा सकेगा साथ ही मंडल के वे–स्टेशनों में हॉट लाइन सुविधा का शुभारंभ किया जा सकता है।

## 55वां महा परिनिर्वाण दिवस

मंडल कार्यालय परिसर में 6 दिसम्बर 2011 को बाबा साहब डा.भीमराव आम्बेडकर का 55वां महा परिनिर्वाण दिवस का समारोहपूर्वक पालन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। मंडल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों सहित संगठित यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भी इस महान नेता को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



बाबा साहब के 55वां महा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री सतीश कोठारी

## अनारक्षित टिकट प्रणाली का विस्तार

अवधि के दौरान मंडल के हाफलंग हिल, सीलघाट टाऊन, फकुआग्राम, दाउतुहाजा, डिटोकचेरा, बंदरखाल, हरंगाजाओ, लंगरंगाजाओ, जटिंगा, माइलंगडिसा, कलकलीघाट, नगॉव, दुल्लभचेरा, आमनि, मैराबाड़ी, जमीरा, मिग्रेनडिसा, महिषासन, बागेतार, बराईग्राम, मुपा, भैरवी, पाथरकान्दि, मान्दरडिसा, पेंचरथाल, पानीसागर, चुराईबाड़ी, सेनचोवा, रहा तथा निलामबजार स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली की स्थापना की गई। इस प्रकार मंडल में कुल 101 स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली की स्थापना का कार्य पूरा कर सभी दिशाओं के लिए टिकटों को उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान करायी गई। मंडल में केवल 8 स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली स्थापित किया जाना शेष है। इस प्रकार मंडल में टिकटों की बिक्री तथा यात्री आय में बढ़ोत्तरी हुई है।

## मानवरहित समपार फाटकों को मानवयुक्त करना

संरक्षा की दृष्टि से मानवरहित समपार फाटक काफी संवेदनशील होते हैं। इस स्थल पर जान–माल की हानि होने का खतरा हमेशा बना रहता है। वर्ष 2011–2012 के लिए निर्धारित कुल 13 समपार फाटकों को मानवयुक्त किए जाने के लक्ष्य की तुलना में अक्टूबर–दिसम्बर 2011 तक मंडल में कुल 15 समपार फाटकों को मानवयुक्त किया गया।

## समपार फाटकों को बंद करना

वर्ष 2011–2012 के लिए निर्धारित कुल 9 मानवरहित समपार फाटकों को बंद किए जाने के लक्ष्य की तुलना में अक्टूबर–दिसम्बर 2011 तक सभी 9 मानवरहित समपार फाटकों को बंद किया गया।

“ जब ज्ञान–दीप से मन्युष्य का अन्तर्मन प्रकाशित हो जाता है, तो वह आत्मा की स्वतंत्रता अनुभव करता है। ”

– सैमुअल स्माइलस

**बी.जी. लदान** : पिछले वर्ष की समान अवधि की 61.4 बी.जी. वैगन औसत प्रतिदिन लदान की तुलना में दिसम्बर 2011 तक औसत प्रतिदिन लदान 72.3 बी.जी. वैगन रहा।

**एम.जी. लदान** : पिछले वर्ष की समान अवधि की 38.3 एम.जी. वैगन औसत प्रतिदिन लदान की तुलना में दिसम्बर 2011 तक औसत प्रतिदिन का लदान 40.1 एम.जी. वैगन रहा।

**यानांतरण** : पिछले वर्ष की समान अवधि की औसत प्रतिदिन 38.5 वैगन बी.जी. से एम.जी. में यानांतरण की तुलना में दिसम्बर 2011 तक औसत प्रतिदिन यानांतरण 44.1 वैगन रहा।

**हिल थ्रू पुट** : पिछले वर्ष की समान अवधि की 95.1 और 94.6 वैगन की तुलना में दिसम्बर 2011 तक अप एवं डाउन दिशाओं में हिल थ्रू पुट क्रमशः 105.4 और 105.9 वैगन रहा।

## राजभाषा की गतिविधियाँ

### मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

मंडल में 17 अक्टूबर 2011 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित विविध मदों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मंडल में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने तथा दैनिक कामकाज में राजभाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने के संबंध में सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए।



मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा मंडल के पदाधिकरीगण।

- जुलाई-नवम्बर 2011 सत्र में लामडिंग, बदरपुर तथा गुवाहाटी क्षेत्र में आयोजित हिंदी प्रवीण तथा प्राज्ञ परीक्षाओं में कुल 46 कर्मचारी उत्तीर्ण घोषित हुए। इस प्रकार मंडल में हिंदी भाषा प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलवाने का प्रयास जारी है।
- अवधि में विभिन्न कार्यालयों/स्टेशनों में आयोजित टेबल ट्रेनिंग, हिंदी कार्यशाला तथा मानिटरिंग के माध्यम से कुल 101 कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के अभ्यास करवाए गए।
- मंडल कार्यालय सहित कुल 10 कार्यालयों/स्टेशनों में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के माध्यम से मंडल में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन का प्रयास निरंतर जारी हैं।

## विश्व एड्स दिवस

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 1 दिसम्बर 2011 को मंडल रेल अस्पताल, लामडिंग के तत्वावधान में मंडल मुख्यालय में एड्स जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मोटर साइकिल रेली का भी आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ श्री सतीश कोठारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग ने झंडी दिखा कर किया।

स्थानीय रेलवे इंस्टीच्यूट, लामडिंग में एड्स के प्रति जागरूकता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। श्रीमती अनुश्री गोयल, अध्यक्षा मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग ने दीप प्रज्वलित कर इस सेमिनार का शुभारंभ किया। एड्स के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए स्लाइड-शो के माध्यम से विविध जानकारियाँ दी गई। आयोजन में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित स्थानीय जनता ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



रेलवे इंस्टीच्युट, लामडिंग में एड्स के प्रति जागरूकता विषय पर आयोजित सेमिनार का उद्घाटन करते हुए श्रीमती अनुश्री गोयल, अध्यक्षा मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग।

## वार्षिक पेंशन अदालत

मंडल मुख्यालय के सभा कक्ष में 15 दिसम्बर 2011 को वर्ष का द्वितीय पैंशन अदालत आयोजित की गई। वर्ष में दो बार आयोजित की जाने वाली इन पेंशन अदालतों के माध्यम से लंबित पैंशन के मामलों का निपटारा किया जाता है। इस अदालत में पेंशन संबंधी कुल 99 मामलों का निपटारा किया गया।

## कार्मिक कल्याण

मंडल में अक्टूबर-दिसम्बर 2011 की अवधि में 'LARSGESS' योजना के अधीन संरक्षा कोटि के ट्रेकमैन/गेटमैन के कुल 72 तथा अनुकम्पा के आधार पर 17 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई।

अधिवर्षिता पर सेवानिवृति के कुल 115 मामलों का निपटारा किया गया।



मेरे लिए सत्य से परे कोई धर्म
नहीं है और अहिंसा से
बढ़कर कोई परम कर्तव्य नहीं है

– 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी

**संरक्षक**
राकेश गोयल
मंडल रेल प्रबंधक

**मुख्य संपादक**
सतीश कोठारी
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

**संपादन एवं सहयोग**
बलदेव सिंह
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी